E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स०सं०:– 17 नि0 का0 – 312/2018 – 10776

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
अरवल।

पटना, दिनांक :– 10-09-2020

विषय :– शिविर गठन में संशोधन के संबंध में।
प्रसंग :– आपका पत्रांक– 14–I/बन्दो दिनांक– 31.08.2020, निदेशालय का पत्रांक– 10694 दिनांक– 02.09.2020

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों के क्रम में कहना है कि निदेशालय का पत्रांक– 10694 दिनांक– 02. 09.2020 द्वारा संसूचित किया गया है कि नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों के निदेशालय में योगदान किये जाने के पश्चात् दिनांक– 17.08.2020 के पूर्व निदेशालय में योगदान करने वाले सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की शिविर एवं ग्राम सम्बद्धता का कार्य निदेशालय स्तर से पूर्ण कर दिया गया है।

साथ ही उक्त पत्र द्वारा यह भी निदेशित किया गया था कि दिनांक– 17.08.2020 से जिन विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा निदेशालय में योगदान पश्चात् जिलों में पदस्थापित किया गया है, उनके शिविर एवं ग्राम की सम्बद्धता का कार्य जिला स्तर से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में सभी जिलों के Login को क्रियाशील कर दिया गया है और आवश्यक Password भी उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही कर्मिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु यूजर मैन्युअल भी पूर्व में जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

अतः आपके प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि निदेशालय स्तर से 17.08.2020 के पूर्व योगदान किये सर्वेक्षण कर्मियों को, जो शिविर गांव का आवंटन किया गया है, उसमें कोई परिवर्त्तन संभव नहीं है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 8/9/20
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17 नि0 का0 312/2018 – 10776 **पटना, दिनांक :–** 10-09-2020

प्रतिलिपिः– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अरवल, प0 चम्पारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 8/9/20
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17 नि0 का0 312/2018 – 10776 **पटना, दिनांक :–** 10-09-2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, 8/9/20
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2020\Assistant Director sir\director\file no. 10.09.2020 2.doc